Australian Government

myagedcare

myagedcare के साथ आपको जिस सहायता की ज़रूरत है उसका पता लगाएँ

अतिरिक्त सहायता के लिए मदद मांगने से सम्बन्धित बातचीत कभी भी की जा सकती है। इससे पहले कि आपको किन्हीं सेवाओं की ज़रूरत पड़े, इनके बारे में जानने से अपने भविष्य के बारे में सूचित निर्णय लेने हेतु तैयार रहने मेंमदद मिलेगी।

कौन सी सेवाएँ उपलब्ध हैं?

घर पर देखरेख

myaged*care* आपको घर पर सेवाएँ प्राप्त करने में मदद कर सकता है जिससे आपके कल्याण में सुधार हो सकता है और आपको स्वतंत्र रहने में मदद मिल सकती है। सही समय पर नियमित गतिविधियों से मदद प्राप्त करने से आपको घर पर बेहतर प्रबन्ध करने में मदद मिल सकती है।

हो सकता है कि आप निम्नलिखित जैसी सेवाएँ प्राप्त करने के पात्र हों:

- निजी देखरेख जैसे कि कपड़े पहनने में सहायता
- परिवहन
- आपके घर में रूपांतरण संबंधी कार्य जैसे कि हैंड रेल्स या रैम्पस
- नर्सिंग, फिजियोथेरेपी और अन्य देखरेख
- आहार
- घर के काम जैसे की साफ-सफ़ाई या बागबानी
- उपकरण जैसे कि वॉकिंग फ्रेम्स
- सामाजिक गतिविधियाँ।

थोड़े समय के लिए सहायता

myaged*care* आपको निम्न परिस्थितियों के लिए थोड़े समय की देखरेख सेवाएँ प्राप्त करने में मदद कर सकता है:

- किसी दुर्घटना या रोग से रिक्वरी (बहाली), इसमें अस्पताल में समय बितानेके बाद की रिक्वरी शामिल है
- जब आपको कोई धक्का लगा हो और आप अपनी स्वतंत्रता वापिस प्राप्त करना चाहते/चाहती हों
- जब आपको या आपके केयरर (देखरेखकर्ता) को ब्रेक (विराम देखरेख) की ज़रूरत हो।

किसी ऐज्ड केयर होम (वयोवृद्ध देखरेख गृह) में देखरेख

यदि आपको लगता है कि आपको रोज़ के कार्यों या स्वास्थ्य देखरेख में लगाताअ मदद की ज़रूरत है, तो आवासीय वयोवृद्ध देखरेख गृह आपको एक ऐसे सहायता प्राप्त परिवेश में रहने देता है जहाँ दिन में 24 घंटे मदद उपलब्ध है।

क्या आप सेवाओं के पात्र हैं?

myaged*care* को फोन करने से आपको यह समझने में मदद मिल सकती है कि:

- किस प्रकार की सेवाएँ उपलब्ध हो सकती हैं
- इनमें कितना खर्च आता है
- आप इन तक पहुँच कैसे प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

myaged*care* आपकी देखरेख की ज़रूरतों के लिए आमने-सामने के आकलन की व्यवस्था कर सकता है।

सेवाओं का भुगतान कौन करता है?

ऑस्ट्रेलियाई सरकार वयोवृद्ध देखरेख सेवाओं के खर्च में योगदान देती है। यदि आप खर्च का कुछ भार उठा सकते/सकती हों तो आपसे खर्च में योगदान देने की उम्मीद की जा सकती है। आप कितना भुगतान करते/करती हैं, यह इस पर निर्भर कर सकता है कि:

- आपकी वित्तीय स्थिति क्या है
- आपको मिलने वाली सेवाएँ कितनी और किस प्रकार की हैं
- सेवा प्रदाता कौन है।

सेवाओं तक पहुँच कैसे प्राप्त करें

1 myagedcare को 1800 200 422* पर फोन करें

- आपकी ज़रूरतों और देखरेख के प्रबंधों का पता लगाने के लिए आपसे सवाल पूछे जा सकते हैं– इसमें कम से कम दस मिनट का समय लगता है।
- कार्ड की ज़रूरत होगी।
- यदि आप किसी अन्य व्यक्ति के लिए फोन कर रहे/रही हैं, तो यह ज़रूरी है कि वह इसके लिए सहमति दे।

2 आमने -सामने का आकलन करना

- हो सकता है कि **my**aged*care* किसी प्रशिक्षित आकलनकर्ता की व्यवस्था करे जो आपके घर आ सके।
- आपकी सहमति के साथ वे आपकी देखरेख की ज़रूरतों और सेवाओं के लिए आपकी पात्रता का आकलन करेंगे। फिर वे आपकी ज़रूरतों, प्राथमिकताओं और आपके लक्ष्यों का आकलन करने की सहायता योजना बनाने के लिए आपके साथ काम करेंगे।
- इस विज़िट (मुलाकात) के दौरान आपके साथ कोई व्यक्ति रह सकता है।

3 खर्चे के बारे में पता लगाना

- **my**aged*care* और सेवा प्रदाता आपको खर्च से सम्बन्धित जानकारी दे सकते हैं। यदि आपको वित्तीय आकलन की ज़रूरत होगी तो इसके बारे में आपको बताया जाएगा।

4 सेवाओं का चयन करें

- वेबसाइट पर उपलब्ध सर्विस फांइडर (सेवा की खोज करने का विकल्प) आपको अपने क्षेत्र में कुछ सेवाओं के स्थान का पता लगाने और इनकी तुलना करने में मदद दे सकता है।
- आपका आकलनकर्ता और **my**aged*care* भी आपको आपके स्थानीय क्षेत्र में आपकी ज़रूरतों को पूरा करने वाले सेवा प्रदाता(यों) का पता लगाने में मदद दे सकते हैं।

myaged*care*

myaged*care* वयोवृद्ध देखरेख सेवाओं और निम्नलिखित सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करने का शुरूआती स्थान है:

- अलग-अलग प्रकार की उपलब्ध वयोवृद्ध सेवाएँ
- सेवाओं के लिए आपकी पात्रता
- ऐसे सेवा प्रदाताओं को रेफरल (निर्दिष्टिकरण) जो आपकी ज़रूरतों को पूरा कर सकते हों
- आपके वयोवृद्ध देखरेख के खर्च में आपका योगदान।

और अधिक जानकारी के लिए

वेबसाइट

देखें या **1800 200 422*** पर फोन करें

सोमवार से शुक्रवार – सुबह 8 बजे से लेकर रात 8 बजे तक, शनिवार–सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक

यह सेवा रविवार और सार्वजनिक अवकाश के दिन बंद होती है

नेशनल रिले सेवा के लिए **1800 555 677*** पर फोन करके **1800 200 422*** नम्बर मिलाने के लिए कहें

अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा

131 450 पर फोन करके **1800 200 422*** नम्बर मिलाने के लिए कहें

यदि आप कोई वैटरन (सेवानिवृत्त सैनिक) या युद्ध में मृत किसी सैनिक की विधवा हैं तो आप Department of Veterans' Affairs की सेवाओं या कार्यक्रमों के भी पात्र हो सकते/सकती हैं। **my**aged*care* और अधिक जानकारी मांगें।

*लैंडलाइन से 1800 नम्बर पर की जाने वाली कॉल्स मुफ़्त हैं और आजकल अधिकांश मोबाइल फोन प्रदाता 1800 नम्बरों पर मुफ़्त कॉल्स की पेशकश देते हैं। अपने मोबाइल फोन प्रदाता से इसकी जांच करें।